प्रेषक,

संजय कुमार मलिक,

जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,

सिद्धार्थनगर।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,

माननीय उच्च–न्यायालय,

इलाहाबाद।

पत्रांकः 169/XV/21/03/2024 सिद्धार्थनगरः दिनांकित

विषयः– **लुम्बिनी व सूपा देवराली (नेपाल) भ्रमण हेतु अनुमति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

सादर अनुरोध है कि मैं वर्तमान समय में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर के पद पर कार्यरत हूँ। माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति प्राप्त होने पर मैं सपरिवार लुम्बिनी व सूपा देवराली (नेपाल) भ्रमण हेतु जाना चाहता हूँ। लुम्बिनी भगवान बुद्ध का जन्मस्थल है तथा सूपा देवराली में माता जी का मन्दिर है और जनपद सिद्धार्थनगर के निकट नेपाल में स्थित है।

यह भी अनुरोध है कि मेरे लुम्बिनी व सूपा देवराली (नेपाल) यात्रा से भारत सरकार या उ०प्र० सरकार के समक्ष कोई दुविधा की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

यह भी अनुरोध है कि मेरे द्वारा इसके पूर्व में कोई विदेश यात्रा नहीं की गयी है और न ही विदेश यात्रा की अनुमति हेतु मेरे द्वारा दिया गया कोई प्रार्थना–पत्र माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त ही किया गया है।

यह भी अनुरोध है कि लुम्बिनी व सूपा देवराली (नेपाल) जाने की अनुमति हेतु मेरे द्वारा पहली बार आवेदन किया जा रहा है। इसके पहले मेरे द्वारा लुम्बिनी व सूपा देवराली (नेपाल) जाने की अनुमति हेतु आवेदन नहीं किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि माननीय न्यायालय से मुझे दिनांक १०.०४.२०२४ को न्यायालय समयोपरान्त से दिनांक ११.०४.२०२४ तक के लिए लुम्बिनी व सूपा देवराली (नेपाल) जाने की अनुमति दिलाने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय,

21/3/2024

दिनांक २१.०३.२०२४

(संजय कुमार मलिक)

जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,

सिद्धार्थनगर।

J.O. ID No-UP1906

District & Sessions Judge

Sid[illegible]